भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1208**
11 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषयः- मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन**

**1208. श्री कौशलेन्द्र कुमारः**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार किसानों के विरोध को समाप्त करने के लिए कोई कदम उठा रही है;

(ख) क्या सरकार की ओर से लंबे समय से भूख हड़ताल कर रहे किसानों की मांगों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार का भूख हड़ताल करे रहे किसानों की मांगों पर क्या विचार है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (ग): भारत सरकार ने दिनांक 8 फरवरी, 2024 को किसान आंदोलन से संबंधित किसानों के साथ चर्चा शुरू की थी। तत्पश्चात दिनांक 12, 15, 18 फरवरी, 2024 और 18 जनवरी, 2025 को चर्चा हुईं ।

अपनी मांगों को लेकर किसानों के आंदोलन से संबंधित मुद्दे भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में भी विचाराधीन हैं और माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक समिति भी गठित की गई है।

किसानों के साथ अगले दौर की चर्चा दिनांक 14 फरवरी, 2025 को निर्धारित की गई है ।

*****